तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 जून 2026

11 व्यक्ति, चरित्र और राष्ट्र निर्माण का कार्य कर...



12 कागजों में चमकी कोसमकानी की पुलिया...





## महोत्सव : कबीर महोत्सव में कर्नाटक के राज्यपाल, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सीएम साय हुए शामिल

# प्रेम, सेवा और संस्कार से समाज में समरसता का होगा विकास : असंगदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम/सोनपैरी

सोमवार को सोनपैरी कबीर आश्रम में संत कबीर जी के जयंती महोत्सव में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, मंत्री मंडल के वरिष्ठ मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व सांसद राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, गरियाबंद जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा, नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू पहुंचे। इन अतिथियों का स्वागत आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने बुके भेंट कर बहुत सम्मान के साथ किया। आश्रम पहुंचते ही अतिथियों द्वारा पांच पौधे रोपे गए जिसमें श्री गहलोत ने टीशू ,सीएम विष्णुदेव ने नारियल एवं डॉ. रमन सिंह तथा संत असंग देव ने आम के पौधे रोपे जबकि तोखन साहू ने पारीजात का पौधा रोपा। मंच पर पहुंचते ही सभी अतिथियो ने राष्ट्रीय संत असंगदेव को पुष्पहार पहनाएं एवं उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने अतिथियो का सम्मान बुके भेंट कर किया। इस अवसर पर कबीर जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

### जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है प्रेम

मुख्य मंच से राष्ट्रसंत असंगदेव ने प्रेम, सेवा, संस्कार, मर्यादा और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म, अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब ईश्वर किसी न किसी महापुरुष के रूप में मानवता के मार्गदर्शन के लिए अवतरित होते हैं। भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, महावीर स्वामी, भगवान बुद्ध से लेकर संत कबीर तक सभी महापुरुषों ने समाज से अन्याय, अंधविश्वास और कुरीतियों को दूर कर सत्य, प्रेम और धर्म का मार्ग दिखाया। विशाल टिनशेड पंडाल में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच संत असंग साहेब का ओजस्वी प्रवचन बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। उनके सहज, सरल और प्रेरक उदाहरणों पर श्रद्धालु भावविभोर होने के साथ-साथ मुस्कुराते और ठहाके भी लगाते रहे। संत असंगदेव ने कहा कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति प्रेम है। जो व्यक्ति प्रेम करना सीख ▶▶|शेष पेज 10 पर



### प्रेम करने से जीवन में सुख, शांति और संतोष अपने आप आ जाते हैं : असंगदेव साहेब

भगवान श्रीराम के जीवन का उदाहरण देते हुए संत जी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने पिता की आज्ञा और माता की इच्छा का सम्मान करते हुए बिना किसी विरोध के वनवास स्वीकार किया। यही आदर्श संतान का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस संसार में कर्म ही प्रधान हैं। कोई व्यक्ति किसी को सुख या दुख नहीं देता, बल्कि हर व्यक्ति अपने कर्मों का फल स्वयं प्राप्त करता है। यदि मनुष्य मर्यादा में रहकर जीवन जीता है तो सफलता निश्चित होती है, लेकिन मर्यादा का उल्लंघन अंततः नुकसान का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि जो बेटे, बेटियां, बहुएं और परिवार के सदस्य अपने माता-पिता तथा बड़ों का सम्मान करते हैं, उन पर पूरी सृष्टि का आशीर्वाद बना रहता है। वर्तमान समय में बदलती परंपराओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज लोग बड़ों के चरण स्पर्श करने में भी संकोच करने लगे हैं। केवल औपचारिकता निभाने के लिए घुटनों या पैरों को हल्का-सा छू लेना भारतीय संस्कृति नहीं है। बड़ों के प्रति सच्चा सम्मान श्रद्धा और विनम्रता से प्रकट होना चाहिए। संत असंगदेव ने विशेष रूप से बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो बेटियां अपने माता-पिता की प्रतिष्ठा और सम्मान का जीवनभर ध्यान रखती हैं, वे स्वयं भी सदैव सुखी और सम्मानित जीवन जीती हैं।

### साय सरकार कर रही है बेहतरीन काम : डॉ. रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि संत कबीर जी 1 हजार साल पहले से समाज सुधार की दिशा में काम किए। आज भी कबीर की कही गई वाणी प्रासंगिक है। डॉ. रमन सिंह ने सीएम विष्णुदेव साय की तारीफ किया। कहा कि 15 वर्षो तक मुझे छत्तीसगढ़ का सेवा करने का मौका मिला यह आप लोगो का प्रेम और आशीर्वाद का परिणाम था।

### कबीर आश्रम सेवा, समता का केंद्र : गहलोत

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा कि संत कबीर ने समरसता, मानवता व प्रेम का संदेश दिया। कहा कि 2006 में स्थापित सोनपैरी का यह कबीर आश्रम सेवा, समता का केंद्र बन गया है। गौ सेवा, पर्यावरण, सामाजिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय चेतना आने वाली पीढ़ियो का मार्गदर्शन कर चरित्र निर्माण की भूमिका निभाएगी। संत असंगदेव, सत्य, सेवा और सद्भाव के साथ सारे देश में समरसता का वातावरण बना रहे है यह काबिले तारीफ है।

### छत्तीसगढ़ को मिल रहा है कबीर साहेब का आशीर्वाद : सीएम साय

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि कबीर साहेब का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ को भी मिल रहा है। यहां के एक जिले का नाम कबीरधाम रखा गया है। श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने का प्रयास हमारी सरकार कर रही है। गरीबो के लिए 18 लाख आवास स्वीकृत किए। 10 लाख आवास बनकर तैयार हो गए है। छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य के रूप में खड़ा करने का काम कर रहे है। देश के गृह मंत्री और जवानो के प्रयास से नक्सलियो का सफाया हुआ। अब पुनर्वास नीति के तहत 15 हजार आवास वहां बनाए जा रहे है। 6 हजार आवास बन चुके है। सीएम श्री साय ने बताया कि 70 लाख महिलाओं को हर माह 1 हजार रूपए की राशि दी जाती है। राज्य में धर्म,कर्म को बढ़ाने के लिए यह सरकार चिंता कर रही है। रामलला दर्शन योजना चला रहे है जिसमें अभी तक 59 हजार श्रद्धालुओं ने अयोध्या जाकर दर्शन कर चुके है। कार्यक्रम का संचालन सोनपैरी आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने किया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष रामप्रताप सिंग, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, राजेश साहू, संतोष शुक्ला, जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम नारंग, सुरेंद्र पाटनी, सोनपैरी के सरपंच अन्नपूर्णा-गणेश साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एवं साधु संत मौजूद थे।



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## खबर संक्षेप

### सांसद रूपकुमारी शामिल होंगी शाला प्रवेशोत्सव में



**मैनपुर।** नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 30 जून दिन मंगलवार को प्रात 11 बजे से शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मैनपुर मैदान में जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूप कुमारी चौधरी शामिल होने पहुंचेगें। कार्यक्रम के अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू, विशेष अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनील चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गुरू नारायण तिवारी एवं मैनपुर सरपंच हनीता नायक विशेष रूप से उपस्थित रहेगें। मैनपुर में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को लेकर जोर-शोर से तैयारी किया जा रहा है।

### ध्वजारोहण के साथ खोरपा में सहकारिता सप्ताह शुरू

**अभनपुर।** केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खोरपा में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समिति के कर्मचारियों एवं उपस्थित ग्रामीणों को सहकार से समृद्धि की थीम पर सहकारिता को बढ़ावा देने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। प्राधिकृत अध्यक्ष छबि साहू ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के दौरान सहकारिता जागरूकता अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, ▶▶|शेष पेज 10 पर

# मछली कारोबारी मंडल की हत्या का 48 घंटे में पर्दाफाश, 5 आरोपी गिरफ्तार

### खुलासा : मजदूरी विवाद और अपमान का बदला लेने रची थी साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र निवासी मछली कारोबारी विप्लव मंडल की अंधी हत्या और लूट की सनसनीखेज वारदात का धमतरी पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर गठित एएसपी, एसडीओपी नगरी, थाना प्रभारी और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में दो विधि से संघर्षरत (अपचारी) बालकों की संलिप्तता भी उजागर हुई है। पुलिस विवेचना में सामने आया कि ▶▶|शेष पेज 10 पर



### सृजन अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेड़ा का सम्मान

**अभनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत नव नियुक्त जिला अध्यक्षों का चंडी मोड़ स्थित अग्रवाल भवन मे आयोजित 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर ▶▶|शेष पेज 10 पर

### शाहीन फाल्कन पक्षी कैमरे में कैद



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के अंतर्गत आने वाले उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कुल्हाड़ीघाट जंगलों से वन्यजीव प्रेमियों और शोधकर्ताओं को रोमांचित कर देने वाली एक बेहद खूबसूरत और दुर्लभ तस्वीर सामने आई है। यहां दुनिया के सबसे तेज रफ्तार से उड़ने वाले पक्षी शाहीन फाल्कन द्वारा एक विशाल हॉर्नबिल पक्षी का शिकार कर उसका भक्षण करते हुए देखा गया है। वन्यजीव प्रेमियों ने प्रकृति के इस विहंगम और हैरतअंगेज नजारे को अपने कैमरों में कैद किया है।

## 108 स्वर्ण कलशों के सुगंधित जल से हुआ महास्नान

# सिद्ध जगन्नाथ मंदिर में पूर्णिमा में हुआ देव स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में विराजमान श्री सिद्ध जगन्नाथ मंदिर में देवस्नान पुर्णिमा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सनातन परंपरा में प्रत्येक मास के शुक्लपक्ष की पंद्रहवीं तिथि पूर्णिमा का काफी ज्यादा महत्व माना गया है, लेकिन इसका धार्मिक महत्व तब और भी ज्यादा बढ़ जाता है जब यह ज्येष्ठ मास में पड़ती है और इसे देव स्नान पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। देव स्नान पूर्णिमा को पुरी में 'स्नान यात्रा' के नाम से भी जाना जाता है। यह पावन स्नान यात्रा भगवान जगन्नाथ के भक्तों के लिए अत्यंत ही शुभ पर्व होती है क्योंकि इसी दिन अमलीपदर विराजमान श्री सिद्ध जगन्नाथ मंदिर में सारे जगत के नाथ कहलाने वाले भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्र का विशेष जलाभिषेक होता है। श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के मुख्य पुजारी पं युवराज पांडेय जी ने बताया कि देव स्नान पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ को कराए जाने वाले इस महास्नान का क्या महत्व है। 108 सोने के जल कलश से होता है भगवान का महास्नान अनुसार ज्येष्ठ मास की पावन पूर्णिमा तिथि पर सारे जगत के नाथ यानि भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और उनके बड़े भाई बलभद्र को गर्भगृह से स्नान मंडप तक ढोल, मृदंग, शंख ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्नान मंडप पर लाया जाता है। इसे 'पहंडी विजय' के नाम से जाना जाता है। इसके बाद सभी देवताओं का विधि-विधान से महास्नान कराया जाता है। भगवान जगन्नाथ का महास्नान कराने के लिए स्वर्णकूप से 108 घड़ों में जल लाया जाता है। भगवान जगन्नाथ को स्नान कराने से पहले पुजारियों के द्वारा ▶▶|शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**नवापारा-राजिम।** रविवार को वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ग्राम परसदा के सरपंच रमेश वर्मा के घर सामूहिक रूप से एकत्रित होकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री की मन की बात का श्रवण किया गया जिसमें मुख्य रूप से किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष टीकू यादव, किसान मोर्चा से जगदीश साहू, अनुसूचित जाति मंडल उपाध्यक्ष मोर्चा से संतराम बारले, रामजी खिलवारे, गजेंद्र वर्मा, पप्पू साहू, मोहन साहू, हरिश्चंद्र साहू, खिलावन साहू उपस्थित हुए। जानकारी देते हुए टीकू यादव ने बताया कि मन की बात को प्रत्येक भारत की नागरिकों को सुनना चाहिए। यह कार्यक्रम एक रेडियो वार्ता नहीं है इसमें कार्य कौशल, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं अपने जीवन शैली को बदलने की एक दिशा मिलती है। मन की बात कार्यक्रम एक रेडियो प्रसारण नहीं है यह सभी देशवासियों से संवाद करने का एक प्रभावी कार्य बन चुका है। यह कार्यक्रम देश के सभी वर्गों सभी नागरिकों के लिए है जिसे श्रवण करना चाहिए।

### विधायकों का घर बनाने गरीबों को घर से बेघर करना अन्याय : रामकृष्ण ध्रुव

**मैनपुर।** नकटी गांव में विधायक आवास बनाने गरीबों को घर से



बेघर करने का आरोप लगाते हुए ब्लाक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि भाजपा सरकार नकटी गांव में विधायकों का घर बनाने के लिए गरीबों को घर से बेघर कर रही है। ये गरीब परिवारों के साथ अन्याय है। भाजपा सरकार को आखिर रोजी मजूदरी, ठेला, खोमचा में कार्य करने वाले गरीबों से इतनी नफरत क्यो है? भाजपा सरकार बनने के पहले दिन से गरीबो का घर दुकान असुरक्षित है। पूरे प्रदेश में गरीबो को टारगेट कर उनके खिलाफ दमनकारी कार्यवाही की जा रही है। श्री ध्रुव ने कहा सत्ता परिवर्तन के पहले दिन से गरीबो के घर दुकान पर बुलडोजर चलाये जा रहे है। और तो और ग्रामीण क्षेत्रे में चंद पूँजीपतियो के दबाव में गरीबो की जमीन छीनी जा रही है।

### भाई और मां के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में अपनी मां और छोटे भाई के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को गणेश कुमार खुटे पिता दिलीप सिंग खुटे (32 वर्ष) निवासी उड़ेला ने बताया कि 28 जून की रात करीब 8 बजे आरोपी सेतकुमार खुंटे पिता दिलीप सिंग खुंटे (47 साल) उडेला द्वारा खाने पीने को लेकर विवाद करते हुए मुझे एवं मेरी मां मंगली बाई खुंटे के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है ।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सांकरा पुलिस ने ग्राम बारिकपाली तालाब के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी विशाल ग्वाल पिता पुरन ग्वाल (55 साल) बारिकपाली थाना सांकरा के कब्जे से कुल 31 नग पाऊच प्लास्टिक झिल्ली में भरी हुई कुल 15.580 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3100 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह कोमाखान पुलिस ने आरोपी हरक ठाकुर पिता पवनु ठाकुर (28 साल) निवासी खलियापानी कसेकेरा थाना कोमाखान के कब्जे से कुल 12 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2400 रुपए और शराब बिक्री रकम 500 रुपए कुल 2900 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**बैठक : सचिव ने दी अपात्रता के 12 बिंदुओं की जानकारी**

# मोंगरा ग्राम सभा में पीएम आवास की पात्रता पर मंथन, सभी बेघर लोगों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत मोंगरा में विशेष ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वे सूची में शामिल नामों की पात्रता और अपात्रता की जांच कर सही हितग्राहियों का चयन करना था। बैठक में ग्रामीणों को आवास योजना के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।सचिव ने दी 12 बिंदुओं की जानकारी, तय हुई पात्रता ग्राम पंचायत सचिव द्वारका सेन ने ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामीणों को उन 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, जिनके आधार पर किसी परिवार को आवास योजना के लिए अपात्र माना जाएगा।

पक्का मकान होना- परिवार के पास पहले से ही पक्की छत और पक्की दीवारों वाला मकान होना।दो से अधिक कमरों का मकानः अच्छी स्थिति वाले दो से अधिक कमरों के मकान में रहना।यदि किसी के पास पक्का मकान नहीं भी है, तो भी नीचे दिए गए 10 आर्थिक कारणों में से एक भी लागू होने पर वह अपात्र होगा:. वाहनः परिवार के पास खुद का मोटर चालित तीन या चार पहिया वाहन (जैसे कार, ट्रैक्टर, ऑटो) होना।. कृषि उपकरणः खेती के आधुनिक और भारी मशीनीकृत उपकरण (जैसे हार्वेस्टर आदि) होना।. किसान क्रेडिट कार्ड (KCC): 50,000 या उससे अधिक की लिमिट वाला एक्टिव KCC कार्ड होना।

सरकारी नौकरी- परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में कार्यरत होना।. व्यवसायः पंजीकृत गैर-कृषि उद्योग या व्यवसाय चलाना।. मासिक आयः परिवार के किसी भी सदस्य की मासिक आय 15,000 से अधिक होना।. आयकरः परिवार का कोई भी सदस्य इनकम टैक्स भरता हो।. व्यावसायिक करः परिवार का कोई सदस्य प्रोफेशनल टैक्स चुकाता हो।. सिंचित भूमिः कम से कम एक सिंचाई उपकरण के साथ 2.5 एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि होना। असिंचित भूमिः 5 एकड़ या उससे अधिक असिंचित या दो फसल मौसमों वाली भूमि होना।ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि इन 12 बिंदुओं के दायरे में आने वाले लोगों को छोड़कर, गाँव के सभी गरीब व बेघर परिवारों को आवास योजना के लिए पात्र माना जाएगा।



#### गांव को व्यसन मुक्त बनाने का संकल्प

आवास योजना के साथ-साथ इस ग्राम सभा में सामाजिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा कदम उठाया गया। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामवासियों ने एकजुट होकर नशा मुक्ति की शपथ ली और गांव को व्यसन मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में ग्राम सभा की अध्यक्षता कयामति नेताम ने की। इस दौरान सरपंच मनीराम नागवंशी, उप सरपंच पीलमराम नेताम और नोडल अधिकारी मींज साहब मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पंचगणों की उपस्थिति वार्ड नंबर 01 लखन लाल नेताम ,वार्ड नंबर 03 रंजीत मरकाम, वार्ड नंबर 04 बासमती नेताम, वार्ड नंबर 05 उपसिंह साहू, वार्ड नंबर 06 सीताबाई नीलवंशी, वार्ड नंबर 07 कुन्तुलाबाई नेताम, वार्ड नंबर 08, रायमोतिन चक्रधारी गांव के प्रबुद्ध नागरिक एवं ग्रामीण बैठक में गांव के प्रमुख जनों में कृपाल सिंह पुजारी, रामचंद्र नायक, मोतीराम नेताम, रूप सिंह नायक, कृष्ण कुमार नायक, हेमंत कुमार नायक, चंद्रशेखर साहू, बुड़ूराम नेताम, डोमारसिंह नेताम, प्रेमलाल नायक, होमसागर साहू सहित बड़ी संख्या में समस्त ग्रामवासी एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# घबराएं नहीं ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

साइबर अपराधियों के लगातार बदलते हथकंडों के बीच गरियाबंद पुलिस ने लोगों को जागरूक करने के लिए एक बेहद प्रभावशाली और संदेशात्मक लघु फिल्म जारी की है। "जन चेतना से जन सुरक्षा" अभियान के तहत तैयार इस वीडियो का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को साइबर ठगी के नए-नए तरीकों से आगाह करना और समय रहते सतर्क रहने का संदेश देना है। वीडियो की कहानी बेहद सरल, सहज और समाज को आईना दिखाने वाली है। इसमें एक महिला खुशी-खुशी कहीं जाती दिखाई देती है। रास्ते में उसकी मुलाकात दो स्कूली बच्चियों से होती है। बच्चियां जब महिला की खुशी का कारण पूछती हैं तो वह बताती है कि उसके मोबाइल पर एक आकर्षक ऑनलाइन ऑफर आया है। सामने वाले व्यक्ति ने उसे भारी लाभ का लालच दिया है और पैसे उसके खाते में जमा कराने को कहा है। महिला यह भी कहती है कि उसे यह बात किसी को नहीं बतानी है। यहीं से कहानी नया मोड़ लेती है। दोनों मासूम बच्चियां बड़ी सहजता और समझदारी से महिला को समझाती हैं कि यदि ऐसा ऑफर वास्तव में सही होता तो सिर्फ आपको ही क्यों मिलता? दुनिया में लाखों मोबाइल हैं, हजारों लोग हैं, फिर ऐसा विशेष ऑफर केवल आपके लिए ही क्यों? बच्चियां बताती हैं कि हाल ही में उनके स्कूल में गरियाबंद पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता की विशेष कक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें पुलिस अधिकारियों ने उन्हें साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों और उनसे बचाव के उपाय बताए थे।



बच्चियां महिला को समझाती हैं कि किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर पैसे भेजना या बैंक संबंधी जानकारी साझा करना सीधे-सीधे साइबर ठगी का हिस्सा हो सकता है। उनकी समझाइश के बाद महिला अपनी गलती का एहसास करती है और ठगों के जाल में फंसने से बच जाती है। यह लघु फिल्म विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के उन लोगों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जो लालच भरे ऑफर, बैंक लोन, इनाम, केवाईसी अपडेट, बिजली बिल, ऑनलाइन लॉटरी, नौकरी, निवेश और अन्य झूठे प्रलोभनों में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा बैठते हैं। वीडियो के अंत में स्वयं गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर छत्तीसगढ़ी भाषा में आम लोगों से सीधे संवाद करते हुए दिखाई देते हैं।

# शिक्षा हमारे जीवन का आधार और देश के विकास की कुंजी : लता सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराकर पाठय पुस्तक वितरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष श्याम कुमारी निषाद एवं अध्यक्षता शाला की शिक्षिका लता सोनी ने किया सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया एवं कक्षा पहेली के नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर एवं खीर पूरी खिलाकर स्वागत किया गया।इसके साथ ही उन्हें पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षिका लता सोनी ने कहा कि



शिक्षा हमारे जीवन का आधार है यह न केवल हमारे ज्ञान और कौशल को बढाती है बल्कि हमारे व्यक्तित्व का भी निर्माण करती है।भारत में शिक्षा का विशेष महत्व है क्योंकि यह हमारे देश के विकास की कुंजी है। शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझता है और समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखता है इसलिए सभी को शिक्षित करना आवश्यक है।हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बच्चा स्कूल आए और शिक्षा प्राप्त करें। शिक्षा से ही गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान हो सकता है।हम सब मिलकर शिक्षा को हर घर तक पहुंचने का संकल्प लें। कार्यक्रम को शिक्षक जयप्रकाश सिंह ने भी संबोधित करते हुए बच्चों को शाला आने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका केसरी कुमारी ने किया।आभार प्रदर्शन शिक्षिका भुवनेश्वरी निषाद ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका गिरिजा मारकम, शिक्षक संतोष साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शीला तारक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य अशोक सेन एवं अभिभावकगन व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बाहरी व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ में जमीन बेचने पर लगे रोक, अवैध कब्जों के खिलाफ एकजुट हुआ सर्व समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की बैठक रविवार को गुरु घासीदास संस्कृति भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ ईस्ट देव की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में बालोद जिला के जमडीपाठ पर आदिवासी समाज के पूजा स्थल के जमीन पर पर अवैध कब्जा के विरुद्ध छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ में आक्रोश व्यक्त किया गया, वहीं छत्तीसगढ़ के बाहरी व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ में जमीन बिक्री पर रोक लगाने एवं गाड़ा समाज के लिए बाजा बोर्ड, अघरिया पाल समाज के लिए भेड़ एवं ऊन संवर्धन बोर्ड, कलार समाज के लिए महुआ बोर्ड, कलार समाज के शाकंभरी बोर्ड का गठन की मांग पर चर्चा किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हैं सर्व आदिवासी समाज के विनोद नागवंशी ने जमलीपाठ के बारे में विस्तृत जानकारी दिए।पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि सामाजिक समस्या के हल के लिए प्रदेश सरकार को कोई ठोस पहल करनी चाहिए। उन्होंने संगठन के मजबूती पर जोर दिया ।वरिष्ठ नेता नंद कुमार सांय ने कहा कि सभी लोगों को बैठकर सोचना पड़ेगा और छत्तीसगढ़िया सर्व समाज को एकजुटता से अन्याय के खिलाफ लड़ना होगा।पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अकबर राम कोर्राम ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में हजारों एकड़ जंगल काट दिया गया और बाहरी व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है।समय रहते इस मामले पर ध्यान देने की जरूरत है।कार्यक्रम को सभी प्रमुखों सर्व युवराज सिन्हा, उग्र सेन, शिव सारथी, गोपाल साहू, पूहुप राम यदु, राजा निर्मलकर, अश्विनी बबलू त्रिवेंद्र, बोधि राम निषाद, ललित काकड़े राकेश वैष्णव ने संबोधित करते हुए आदिवासी समाज को समर्थन करने की बात कही। कार्यक्रम का सफल संचालन छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ अध्यक्ष रमेश यदु ने किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के पदाधिकारियों सहित पूर्व सांसद नंदकुमार साय, अरविंद नेताम पूर्व आईजी अकबर राम कोराम, आदिवासी समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बी एस रावटे कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा,चंद्राकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर प्रगतिशील सतनामी समाज से अश्विनी बबलू त्रिवेन्द्र, पी आर यदु,निषाद समाज से बोधिराम निषाद ,वैष्णो समाज से राकेश वैष्णव, कोलता समाज से चित्रसेन प्रधान,नाई समाज से चित्रसेन, मनवा कुर्मी समाज के महामंत्री संतोष उपस्थित थे।

# छुरा कॉलेज में नशा मुक्त भारत के लिए दिलाई गई सामूहिक शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कचना धुरुवा महाविद्यालय छुरा में 'नशा मुक्त भारत' के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई। छुरा माय भारत केन्द्र गरियाबंद, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय छुरा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र -छात्राएं, प्रो, शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ नरेन्द्र कुमार साहू द्वारा दिलाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में के,आर साहू/डीएलएड हेड ऑफ़ डिपार्मेंट ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नशा आज युवा पीढ़ी के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। नशे की लत न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बर्बाद करती है, बल्कि पूरे परिवार को आर्थिक और सामाजिक संकट में डाल देती है। इसलिए, हम सभी का यह नैतिक दायित्व बनता है कि हम स्वयं नशे से




दूर रहें और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी कुर्रे, प्रोफेसर तरुण निर्मलकर, पवन यादव, तेजस्वनी यदु, कंप्यूटर ऑपरेट डोमेश, यादव साहू मैम सहित संस्था के सभी प्रो, छात्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर उपस्थित रहे।



### ग्राम सहसपुर में बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

**कोपरा।** ग्राम सहसपुर में पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवन की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य केंद्र एवं निर्धारित बूथों पर सुबह से ही अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे, जहां स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि प्रत्येक बच्चे को समय-समय पर पोलियो की खुराक दिलाना आवश्यक है, ताकि देश को पूरी तरह पोलियो मुक्त बनाए रखा जा सके। अभियान में आशा कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने घर-घर जाकर भी छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अभियान की सराहना करते हुए सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। स्वास्थ्य विभाग ने इसे जनभागीदारी से सफल बनाने पर सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान गांव की प्रथम नागरिक लता ध्रुव सरपंच, किरण साहू, गौरी साहू, जानकी साहू, सहित छोटे बच्चे और माता पिता मौजूद रहे।

# मोंगरा लघु वनोपज समिति में मनाया सहकारिता सप्ताह, हुआ झंडारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित मोंगरा पंजीयन क्रमांक 215 में आज 29 जून को सहकारिता सप्ताह के उपलक्ष्य में गरिमामय झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और भारी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और समिति के सक्रिय सदस्य रामचंद्र नायक द्वारा झंडारोहण कर की गई। झंडारोहण के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने सहकारिता के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति के प्रबंधकों और अध्यक्ष की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 'समिति सदस्यता अभियान' को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को समिति से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके।इस दौरान यह निर्णय भी लिया गया कि मोंगरा ग्राम में हर वर्ष इसी तरह पूरी भव्यता के साथ सहकारिता सप्ताह मनाया जाएगा और लोगों को सहकारिता के लाभों के प्रति जागरूक किया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के सदस्य



नकछेड़ा राम, समिति के संचालक प्रमुख रूप से हुमेश्वर कुंजाम फड़ मुंशी, चरोदा और समिति के प्रबंधक उमेश मेश्राम उपस्थित रहे। इनके साथ ही गांव के अनेक गणमान्य नागरिकों और प्रबुद्ध जनों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर इसकी शोभा बढ़ाई।

पेज 9 के शेष...

### प्रेम, सेवा और...

जाता है, उसके जीवन में सुख, शांति और संतोष अपने आप आ जाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि अपनी माता को केवल मां ही नहीं बल्कि सहेली और पिता को अपना सबसे अच्छा मित्र बनाइए। माता-पिता जीवन के सबसे बड़े मार्गदर्शक होते हैं, वे बच्चों को संस्कार, ज्ञान और सही जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। बच्चों को भी उनकी बातों को सहजता से स्वीकार करना चाहिए ताकि माता-पिता को एक ही बात बार-बार न दोहरानी पड़े।

### ध्वजारोहण के साथ...

संगोष्ठियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा उत्कृष्ट सहकारी संस्थाओं एवं सहकारिता से जुड़े व्यक्तियों के सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्राधिकृत अध्यक्ष छबि साहू, चम्मन ध्रुव, राजेंद्र साहू, रवि वर्मा, विकास यादव, संतोष साहू, शब्बीर खान, मंगलू साहू, रिखी साहू, रामानंद साहू, अरुण धीवर, मिथलेश साहू, दुष्यंत पटेल, नारायण देवांगन, बिसाहू धीवर सहित समिति के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मछली कारोबारी...

मृतक विप्लव मंडल निजी फिश फार्म का संचालन करता था, जहां आरोपी मजदूरी करते थे। आरोपी लंबे समय से मजदूरी बढ़ाने की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने और मृतक द्वारा लगातार किए जा रहे अपमानजनक व्यवहार व गाली-गलौज से आरोपी रंजिश रखने लगे थे। इसी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से 27 जून 2026 को इस खूनी वारदात को अंजाम दिया।

**जंगल में घात लगाकर किया ताबड़तोड़ हमला-** आरोपियों ने मृतक की गतिविधियों की रेकी की थी। जैसे ही उन्हें सूचना मिली कि विप्लव नगरी बाजार से मछली बिक्री कर लौट रहा है, वे गोरेगांव-भैंसमुड़ा मार्ग के सुनसान जंगल में घात लगाकर बैठ गए। विप्लव के पहुंचते ही आरोपियों ने लकड़ी के डंडों और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी और मछली बिक्री की नगदी व मोबाइल लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मर्ग जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर थाना नगरी में अपराध क्रमांक 53/2026, धारा 103(1) हत्या, 309(6) डकैती/लूट, और 311 [संगठित अपराध/षड्यंत्र भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों की निशानदेही पर लूट की कुल 37,800 नगद राशि, मृतक के 2 मोबाइल, वारदात में प्रयुक्त 4 अन्य मोबाइल, 3 लकड़ी के डंडे, 2 लोहे के चाकू और 2 मोटरसाइकिल विधिवत जप्त की गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों के नाम टंकेश्वर नेताम उर्फ मयंक नेताम (19 वर्ष), पिता यशवंत नेताम, सुरेंद्र यादव (26 वर्ष), पिता रमन यादव, जगदीश विश्वकर्मा (50 वर्ष), पिता धनीराम विश्वकर्मा, (सभी निवासीः ग्राम बोईरगांव, थाना मैनपुर, जिला गरियाबंद)

पकड़े गए तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, जबकि दोनों अपचारी बालकों का सामाजिक पृष्ठभूमि प्रतिवेदन तैयार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### सृजन अभियान के...

के समापन अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा एवं जिलाध्यक्षो व अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ व मोमेंटो, गमछा भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रदेश सचिव प्रवीण साहू,जिला सदस्य यशवंत साहू, भोला सोनवानी, गिरधारी साहू, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, डोमेन्द्र साहू, नीलकमल गिलहरे, बिरेन्द्र सिन्हा, हिम्मत सिंह,श्रीमति गंगा कौर, दीक्षा राठी, निमा निम्बेकर, दिनेश अंबिलकर, सुमित तंबोली सहित वरिष्ठ कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### सिद्ध जगन्नाथ...

पूजा-अनुष्ठान किया जाता है। घड़ों के जल में पुष्प, चंदन, कपूर, केसर, आदि सुगंधित द्रव्य डालकर विशेष मंत्रों से अभिमंत्रित किया जाता है।

**जानिए किस देवता को कितने घड़ों से कराया जाता है स्नान-** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर इस महास्नान की प्रक्रिया में प्रत्येक देवता के लिए जल से भरों घड़ों की संख्या भी सुनिश्चित होती है। महास्नान के लिए भर कर लाए गये 108 घड़ों के जल में से 35 कलशों के जल से भगवान जगन्नाथ को स्नान कराया जाता है तो वहीं बलभद्र भगवान को 33 जल कलश और सुभद्रा जी को 22 कलश से स्नान कराया जाता है। बाकी बचे 18 कलश से सुदर्शन चक्र का स्नान होता है।

**तब स्नान के बाद बीमार हो जाते हैं भगवान-** हिंदू मान्यता के अनुसार स्नान यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं और तीनों देवता मंदिर परिसर में स्थित अनसार घर में विश्राम करते हैं। इस दौरान भक्तों को भगवान के दर्शन नहीं होते हैं। भगवान को स्वास्थ्य लाभ के लिए इस दौरान उन्हें औषधि दी जाती है। इसके बाद दो सप्ताह बाद यानि रथ यात्रा के ठीक एक दिन पहले भक्तों को भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र दोबारा दर्शन होते हैं।

## खबर संक्षेप



### सहकारिता विभाग के 5 वर्ष पूर्ण होने पर सहकारिता दिवस मनाया

**रसेला।** केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित रसेला,कुडेरादादर, कनसिघी, सिवनी,दुल्ला सहित सभी सहकारी समितियों में सहकारी सप्ताह का शुभारंभ 29 जून को रसेला समिति के कार्यालय परिसर में सहकारिता सभापति जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, किसान शंकर कुर्रे, ज्ञानसिंह नागेश, बैशाखू मरकाम, दौलत नायक, भारती नेताम, अगनसिह, बैदराज, अनत मरकाम सहित सभी कृषकगण पूजा अर्चना कर जनपद सदस्य ने ध्वजारोहण के बाद बायलाज वाचन किया गया। साथ ही सहकार सदस्यता अभियान भी प्रारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना, सदस्यता बढ़ाना तथा किसानों एवं ग्रामीणों को सहकारी योजनाओं से जोड़ना है। इस कार्यक्रम में 30 जून को जिला कार्यालय में सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। 1 जुलाई को जिला सभागार में कृषक संगोष्ठी का आयोजन होगा, जिसमें किसानों को सहकारी योजनाओं, कृषि विकास एवं वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। 2 जुलाई को समितियों के सफल कार्यों का अवलोकन होगा। 3 जूलाई को सभी समितियों में माइक्रो एटीएम एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**मांग :** सर्व आदिवासी समाज ने उठाई सीट वृद्धि की मांग, मंत्री रामविचार नेताम से करेंगे मुलाकात

# छुरा के छात्रावासों में 91 रिक्त सीटों के लिए आए 232 आवेदन, सीट बढ़ाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शिक्षा सत्र 2026-27 प्रारंभ होते ही छात्र-छात्राओं का छात्रावासों में प्रवेश शुरू हो गया है। छुरा नगर में संचालित विभिन्न छात्रावासों में प्रवेश के लिए इस वर्ष बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार नगर में संचालित छह छात्रावासों में कुल 91 सीटें रिक्त हैं, जबकि इन सीटों के लिए 232 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इससे स्पष्ट है कि क्षेत्र के विद्यार्थी शिक्षा के प्रति जागरूक हैं, लेकिन पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण अनेक विद्यार्थियों को छात्रावास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नगर में वर्तमान में कुल छह छात्रावास संचालित हो रहे हैं, जिनमें पांच छात्रावास आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए तथा एक अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित है। 30 जून तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार विभिन्न छात्रावासों में रिक्त सीटों की तुलना में आवेदनों की संख्या कहीं अधिक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में 11 रिक्त सीटों के विरुद्ध 49 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं प्री मैट्रिक अनुसूचित बालक छात्रावास में 6 सीटों के लिए 13 आवेदन आए हैं। कन्या आश्रम में 20 रिक्त सीटों के विरुद्ध 60 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास में 25 सीटें रिक्त हैं, जबकि यहां 68 छात्राओं ने आवेदन किया है। इसी प्रकार पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में 20 रिक्त सीटों के लिए 32 आवेदन तथा प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में 10 सीटों के विरुद्ध 33 आवेदन प्राप्त हुए हैं। छात्रावासों में सीमित सीटों के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के प्रवेश से वंचित रहने की संभावना बनी हुई है। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के उन विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ सकती है, जो छात्रावास सुविधा के अभाव में नियमित रूप से विद्यालय या महाविद्यालय नहीं जा पाते।

इस संबंध में सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव शीतल ध्रुव ने बताया कि प्रतिवर्ष छात्रावासों में सीट बढ़ाने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग तथा सहायक आयुक्त, ट्राइबल विभाग गरियाबंद को पत्र प्रेषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार समय पर सीट वृद्धि नहीं होने से क्षेत्र के अनेक आदिवासी छात्र-छात्राएं शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।




#### मंत्री से मिलकर सीट वृद्धि की करेंगे मांग: शीतल ध्रुव

उन्होंने शासन से मांग करते हुए कहा कि नए शिक्षा सत्र की शुरुआत में ही छात्रावासों की सीटें बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को इधर-उधर भटकना न पड़े और उन्हें समय पर आवासीय सुविधा मिल सके। श्री ध्रुव ने बताया कि इस मांग को लेकर जल्द ही प्रदेश के आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर छात्रावासों में सीट वृद्धि की मांग की जाएगी। क्षेत्र के शिक्षाविदों और अभिभावकों का भी मानना है कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण छुरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में छात्रावासों की संख्या एवं सीट क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिल सके। इस संबंध में सहायक आयुक्त, ट्राइबल विभाग गरियाबंद लोकेश पटेल से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हो सका।

## पात्र गरीबों को पीएम आवास से वंचित करना अन्याय : इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

फिंगेश्वर ब्लॉक के कई ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास नहीं मिलने और सैकड़ों गरीब परिवारों का नाम सर्वे सूची से बाहर रहने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। कुछ दिन पहले बड़ी संख्या में पात्र हितग्राहियों ने अपनी मांगों को लेकर फिंगेश्वर जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई थी। ग्रामीणों का कहना है कि जिन परिवारों के पास रहने के लिए पक्का मकान तक नहीं है, उनका नाम सूची में शामिल नहीं किया गया, जबकि कई अपात्र लोगों के नाम सूची में होने की चर्चा है। इस पूरे मामले पर जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने सरकार और संबंधित विभाग पर सवाल उठाते हुए कहा कि गरीबों को उनका हक दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन आज सबसे ज्यादा जरूरतमंद परिवार ही आवास योजना से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार गरीबों के कल्याण के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। महाडिक ने कहा कि कई परिवार आज भी कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं। बारिश के मौसम में उनके सामने जान-माल का खतरा बना रहता है, फिर भी उनका नाम आवास सूची में नहीं है। यदि वास्तव में गरीबों के हित की चिंता होती, तो किसी भी पात्र परिवार को दर-दर भटकने और जनपद कार्यालय का घेराव करने की नौबत नहीं आती। उन्होंने मांग की कि आवास योजना की सूची का निष्पक्ष पुनः सत्यापन कराया जाए, छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों के नाम तत्काल जोड़े जाएं तथा अपात्र लोगों को सूची से हटाकर वास्तविक गरीबों को प्राथमिकता दी जाए। महाडिक ने चेतावनी दी कि यदि पात्र गरीबों को शीघ्र आवास स्वीकृत नहीं किया गया तो जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अनिल सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी फिंगेश्वर मै अभी नया आया हूं, चार्ज नही लिया हूं और आवास सूची किस प्रक्रिया से तैयार किया है जानकारी नही है, जांच किया जायेगा। ज्योति ढलेन पूर्व मुख्यकार्यपालन अधिकारी फिंगेश्वर नया सीईओ आ गया है, वही जानकारी बता पाएंगे।

## भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ रायपुर जिला ग्रामीण के द्वारा तामासिवनी मंडल के बनचरौदा में मन की बात कार्यक्रम में विकास अग्रवाल ,कान्हा ठाकुर, मनोहर डाडेकर, अंबिका ठाकुर, कार्तिक राजवंशी, घनश्याम साहू, गंगू राम साहू, रोशन साहू ,भाजपा मंडल अध्यक्ष निमित यादव, भरत पंसारी, देवनाथ साहू, बलराम, घासीराम, कार्यक्रम का संचालन दयालु राम गाड़ा संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने किया। आभार कृष्ण साहू सहसंयोजक ने की।

## रवेली स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा





शनिवार को ग्राम पंचायत रवेली (लोहरसी) के प्राथमिक एवं पूर्व माध्य विद्यालय में सयुक्त रूप से सभी बच्चो को चंदन लगाकर, मुंह मीठा कर उज्वल भविष्य की कामना के साथ सभी नवप्रवेशी बच्चो को प्रवेश कराया गया साथ ही दोनो स्कूलों में नए शाला विकास प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुवात सुबह 10 बजे की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रवेली के सरपंच दशोदा ध्रुव, उपसरपंच पुखराज साहू, सरपंच प्रतिनिधि लोमश ध्रुव, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत यादव, सहसचिव संतराम ध्रुव, सलाहकार उमेश निषद, तुलसी राम निषाद, जयकुमार नागवंशी प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक, संतोष साहू प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय, मांडले सर, संदीप सिरके शिक्षको सहित ग्राम के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, रसोइया, पालकगन सहित बच्चो की उपस्थिति में मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना पश्चात दोनो स्कूलों में नए नवनियुक्त शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन भी किया गया। पूर्व माध्यमिक में गिरधारी विश्वकर्मा और प्राथमिक विद्यालय में घनश्याम मानिकपुरी को शाला प्रबंधन विकास समिति में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। उक्त अवसर पर सरपंच दशोदा ध्रुव ने कहा की इस पावन अवसर में उपस्थित पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रसोइया, सहित पालकों एवम प्यारे बच्चो आज का दिन हम सबके लिए बहुत बड़ा दिन है आज से हमारे जीवन की नई शुरुवात हो रही है, स्कूल में प्रवेश लेना ही जीवन जीने की कला सिखाता है, शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, शिक्षा से ही हमारा जीवन तय होता है, शिक्षा समाज का दर्पण है जो नए विचार एवम सोच को पैदा करती है।और इसमें हम सबकी भागीदारी एवम सहयोग का होना बहुत जरूरी है। इस दौरान मिथलेश यदु, रमेश निषाद, चुम्मन विश्वकर्मा, मोहन विश्वकर्मा, मोनिका महिलांगे, यामिनी कश्यप, खोमेश्वरी निषाद, रूपी निषाद, रामेश्वरी निषाद सहित ग्राम के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही।

## पार्षद जानकी पटेल ने बच्चों को पिलाया पल्स पोलियो ड्रॉप



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नगर पालिका राजिम के वार्ड क्रमांक 3 के आँगन बाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों को मितानिन किरण निर्मलकर के मार्गदर्शन में पार्षद श्री मति जानकी पटेल और पटेल समाज के प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल सोमनाथ पटेल ने बच्चों को पल्स पोलियो ड्राप पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चो के उत्तम स्वास्थय की कामना किया। इस अवसर पर पटेल मरार समाज के प्रदेश महामंत्री सोमनाथ पटेल ने कहा कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों को शासन द्वारा निशुल्क प्लस पोलियो का ड्राप पिलाना बहुत ही सराहनीय कार्य है, उन्होंने पालकों को बच्चों को सभी को अनिवार्य रूप से पिलाने का आग्रह करते हुये कहा कि बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने तथा बीमारियों से बचने में पल्स पोलियो बहुत सहायक और लाभदाई है।



## फिंगेश्वर सहकारी समिति में सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

**फिंगेश्वर।** भारत सरकार, सहकारिता मंत्रलय गठन के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 06 जूलाई तक अवधि में देश भर में सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत सोमवार को ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित, फिंगेश्वर, पंजीयन क्रमांक 685 में प्राधिकृत द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं सहकारिता गीत का वाचन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकृत अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा, वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, पूनम यादव, सुकदेव साहू, कुमार मांडले, सोसायटी प्रबंधक मनोज साहू एवं संस्था के कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।




## सरपंच ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर कराया शाला प्रवेश

**नवापारा-भेण्डरी।** शासकीय प्राथमिक बालक शाला में प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों को निशुल्क पुस्तक एवं यूनिफॉर्म वितरण कर नवप्रवेशी बच्चो का मुंह मीठा कर शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर सरपंच राजेश्वरी पटेल, जनपद सदस्य विनीता साहू ,पंचायत प्रतिनिधि नंदकुमार सेन, प्रधानपाठक रोशनी सेन, सुरेंद्र साहू सहित शाला विकास समिति के सदस्य गण मौजूद थे।

**विजय विकास संकुल संगठन कौन्दकेरा IFC (जनपद पंचायत, फिंगेश्वर)**
**तिरंगा महिला विकास संकुल संगठन, रानीपरतेवा IFC (जनपद पंचायत, छुरा)**

**आई.एफ.सी. एंकर भर्ती विज्ञापन**

एकीकृत फार्मिंग कलस्टर अंतर्गत आईएफसी एंकर ग्रामीण क्षेत्रों के आजीविका संवर्धन हेतु फॉर्म ऑफ फार्म एवं नॉनफार्म आजीविका अंतर्गत विभिन्न कार्य जैसे एग्रो इकोलॉजिकल पद्धति, मिट्टी के स्वास्थ्य और जल स्तर में सुधार ,फसल विविधीकरण और उत्पादकता में सुधार एवं एग्री न्यूट्री गार्डन के माध्यम से सुधार, पशुधन प्रबंधन नस्ल में सुधार, समय पर पशु चिकित्सा देखभाल और टीकाकरण को अपनाकर महिला एवं स्व सहायता समूह सदस्यो मुख्यतः महिला किसानो एवं पशुपालकों के आजीविका स्तर को बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कलस्टर संगठन को कियान्वयन एंजेसी के रूप में चयनित किया गया है। इस कार्य के संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु आई.एफ. सी. एंकर की भर्ती की जानी है। जिस हेतु इच्छुक व पात्र उम्मीदवारों के आवेदन आमांत्रित है । उक्त आई. एफ. सी. एंकर की भर्ती पूर्वकालिक के लिए ही होगी। यह भर्तियां पूर्ण रूप से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान अंतर्गत कलस्टर संगठन के स्वामित्व के अधीन होगी । इसका किसी भी शासकीय, अर्द्ध-शासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नही है। आवेदन करने कि प्रारम्भिक तिथि 30/06/2026 व अंतिम तिथि 08/07/2026 को समय सायं 5 बजे तक कार्यालय. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा (एन. आर एल एम शाखा ) जिला गरियाबंद छ.ग. के पते पर केवल स्पीड पोस्ट रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किये जा सकते है।

**01. आई एफ सी (एंकर पद की संख्या - 02 ) हेतु आवश्यक अर्हता. मापदण्ड मानदेय व यात्रा भत्ता का विवरण-**

| क्र. | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | न्युनतम कार्यानुभव (वर्ष) | एक मुश्त मासिक मानदेय (रू.) | यात्रा भत्ता (रू.में) | विकास खंड का नाम | पद संख्या | आवेदन प्रस्तुत करना का पता | वांछित अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि उद्यानिकी एवं संबंधित विषय पर स्नातक में उपाधि । | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता उपरांत फील्ड स्तर पर कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका कार्य का न्युनतम 01 वर्ष का कार्यानुभव । | 30000/- | 3000/- | फिंगेश्वर | 01 | जनपद पंचायत फिंगेश्वर बिहान शाखा | ●यदि कॉलम 2 एवं 3 के अनुसार उम्मीदवारों के अनुपलब्धता होती है तो शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नियमित स्नातक डिग्री के साथ ग्रामीण स्तर एवं कृषि संबंधित कार्य 2 वर्ष अनुभव वांछित। परिपेक्ष एवं मार्केटिंग मे कार्य करने मे सक्षम साथ कि स्थानीय भाषा का ज्ञान हो। ●हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा मे कार्य करने मे संक्षम साथ हो स्थानिय भाषा का ज्ञान हो । ●कम्प्यूटर एवं एम. एस. आफिस मे कार्य मे कार्य करने वाले दक्ष, हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग आती हों । ●रिपोर्ट लेखा एवं डेटा प्रबंधन मे दक्षता । ●क्षेत्र भ्रमण के लिए आवश्यक समस्त दस्तावेज सहित स्वंय का वाहन (दो-पहिया) |
| | | | | | छुरा | 01 | जनपद पंचायत छुरा बिहान शाखा | |

1. **आयु सीमा-** अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2026 की स्थिति मे 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हो। 2. **निवासी-** छत्तीसगढ़ राज्य / जिले का मूल निवासी हो । 3. आई एफ सी एंकर मानदेय को नोडल सी. एल. एफ. द्वारा प्रावधनित आई. एफ सी. बजट से जारी किया जावेगा। 4. **आवेदन पत्र-** विस्तृत व्यक्तिगत, निवास, शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव, समस्त अंकसूची, फोटो व आवश्यक जानकारी की स्वसत्यापित जानकारी एक सामान्य आवेदन प्रारुप में तैयार कर भेजे।

**नोटः-** अधिक जानकारी के लिए जनपद पंचायत फिंगेश्वर (बिहान शाखा) और विजय विकास संकुल संगठन कौंदकेरा एवं जनपद पंचायत छुरा बिहान शाखा, तिरंगा महिला संकुल संगठन रानीपरतेवा में सम्पर्क कर सकते है।

विजय विकास महिला संकुल संगठन
संकुल केन्द्र कौन्दकेरा, जनपद पंचायत फिंगेश्वर
जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

तिरंगा महिला विकास संकुल संगठन,
रानीपरतेवा, जनपद पंचायत, छुरा
जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

गायत्री जयंती और गंगा दशहरा पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# व्यक्ति, चरित्र और राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है गायत्री परिवार : रामूराम साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



विगत दिनों गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के पावन अवसर पर फिंगेश्वर नगर के गायत्री मंदिर में गायत्री परिवार के तत्वाधान में एक कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें गायत्री महामंत्र के साथ एक कुंडी गायत्री महायज्ञ संपन्न किया गया। गायत्री जयंती के पावन अवसर पर गायत्री परिवार फिंगेश्वर के एवं आसपास ग्रामों के परिजन काफी संख्या में उपस्थित रहकर गायत्री माता के महामंत्र का जाप किया तत्पश्चात हवन हुआ जिसमें सभी ने महामंत्र के साथ आहुति दिया और गायत्री माता का महा आरती मे शामिल हुए। तत्पश्चाप प्रमुखों का उद्बोधन हुआ। उक्त अवसर पर गायत्री परिवार प्रमुख एवं संयोजक एच एल हेमलाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि आज गंगा दशहरा के दिन ही गायत्री माता की जयंती है और परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा का शिष्य बनकर हम सभी को वेद माता गायत्री के साधन का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रही है। उन्होंने एक पेड़ मां का नाम लगाने का आह्वान किया। गायत्री परिवार के सदस्य एवं भाजपा नेता रामू राम साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती का आज पवन अवसर है इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा पूरे विश्व स्तर पर गायत्री जयंती मना रहे हैं और हवन महायज्ञ इत्यादि जनकल्याण एवं विश्व कल्याण के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र मंत्रें का महामंत्र है इससे और बड़ा महामंत्र कोई दूसरा नहीं है। युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य गुरुदेव ने विश्व कल्याण के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार की निर्माण किया है और जिनके माध्यम से राष्ट्र के साथ पूरे विश्व में एक श्रेष्ठ मानव का निर्माण का कार्य हो रहा है। परम पूज्य गुरुदेव ने व्यक्ति निर्माण,चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण के साथ मानव सेवा एवं प्रकृति सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया है। श्री साहू ने उपस्थित सभी लोगों को गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा का शुभकामनाएं देते हुए एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। पुजारी अर्जुन सिन्हा द्वारा विधि विधान से यज्ञ हवन कार्य संपन्न कराया गया। सभी को श्रेष्ठ मानव बनकर जन सेवा एवं राष्ट्र सेवा हेतु संकल्प कराया गया। गायत्री मंदिर फिंगेश्वर द्वारा गायत्री जयंती के पावन अवसर पर प्रमुख रूप से एच एल साहू, रामू राम साहू, जगदीश साहू, रोशन देवांगन, गोविंद साहू, घना राम साहू, कन्हैया लाल कंवर, अर्जुन सिन्हा, राजू साहू, चिंताराम साहू, राम कृष्णा साहू, शिव सोनी, कमला दलवानी सहित अनेक लोग परिवार सहित उपस्थित थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## पुखराज साहू ने बच्चों को दी पोलियो की खुराक

**कोपरा।** ग्राम पंचायत रवेली के उपस्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत उपसरपंच पुखराज साहू ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाते हुए अभिभावकों को नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक भी किया। उपसरपंच पुखराज साहू ने कहा कि /"दो बूंद जिंदगी की/" हर बच्चे के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की गारंटी है। पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम समय पर टीकाकरण है। उन्होंने सभी पालकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के प्रत्येक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार उपस्वास्थ्य केंद्र में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क पोलियो की खुराक पिलाई गई। वहीं छूटे हुए बच्चों तक पहुंचने के लिए घर-घर स्वास्थ्य टीम भेजी गई, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। स्वस्थ, सुरक्षित और पोलियो मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

## मुढ़ीपानी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**रसेला।** ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में राज्य शासन के शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ शाला विकास समिति मुख्य अतिथि उपसरपंच श्रीमति सीमा गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना किया गया। इसके पश्चात नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भेंट की गईं। सीमा गुप्ता के द्वारा बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए नियमित अध्ययन और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख गण समिति समिति सदस्य यसवन छबिलाल टिहरु, आरती निषाद, सावित्री दिवान, चित्ररेखा निषाद, दीपक ध्रुव, सिलोज दिवान, लुकेश्वरी दिवान, जागेश्वरी दिवान, जानकी निषाद, लीला निषाद, भारती निषाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अंबिका दिवान सुनीता ध्रुव प्रधान पाठक तरुण वर्मा प्रधान पाठक तिलक सोनी शिक्षक हेमन वर्मा, गजेंद्र ध्रुव शत्रुघ्न नेताम सहित विद्यालय के नन्हे विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की सहभागिता के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## शीलता जुड़वास सम्मेलन 2 को

**अभनपुर।** ग्राम खट्टी मे एक दिवसीय माता पहुंचनी शीलता जुड़वास सम्मेलन का आयोजन 2 जुलाई गुरूवार को रखा गया है। कार्यक्रम मे अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू,पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,राज भाषा आयोग अध्यक्ष प्रभात मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होगे। डोमार सिन्हा ने बताया कि जुड़वास सम्मेलन मे दिनभर विविध जस भजन,जगराता,झांकी की प्रस्तुति होगी।

### गड़बड़ी : कागजों में काम पूरा दिखाकर निकाल ली गई राशि, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# कागजों में चमकी कोसमकानी की पुलिया, जमीन पर जर्जर, 1.99 लाख खर्च के बाद भी हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड की ग्राम पंचायत कोसमकानी एक बार फिर निर्माण कार्यों को लेकर सवालों के घेरे में है। ऊपरपीटा-केन्दूवन मार्ग पर स्थित दो पुलियों की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सरकारी रिकॉर्ड में मरम्मत और भुगतान का दावा किया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल अलग दिखाई देती है। मौके पर जो स्थिति नजर आई, उसने सरकारी कार्यों की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राथमिक शाला ऊपरपीटा के पास स्थित पुरानी पुलिया की मरम्मत के लिए 15वें वित्त आयोग से 99,850 खर्च दर्शाया गया है। लेकिन मौके पर देखने पर पुलिया का निचला हिस्सा, स्तंभ और दोनों किनारों की दीवारें क्षतिग्रस्त दिखाई देती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मजबूत मरम्मत करने के बजाय केवल ऊपर फ्लोरिंग कर ली गई, जिससे पुलिया बाहर से ठीक दिखती है, लेकिन उसकी असली स्थिति अंदर से बेहद कमजोर बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस पुलिया से कोई भारी वाहन गुजरता है तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।





**दूसरा पुल बिल तैयार लेकिन मौके पर काम के निशान नहीं**

ऊपरपीटा- केन्दूवन मार्ग की दूसरी पुलिया को लेकर आरोप और भी गंभीर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुलिया की मरम्मत के नाम पर भी 99,850 का बिल तैयार किया गया, लेकिन मीडिया टीम के मौके पर पहुंचने पर वहां किसी प्रकार का नया निर्माण, मरम्मत या सामग्री के उपयोग के स्पष्ट प्रमाण दिखाई नहीं दिए। पुलिया आज भी बदहाल स्थिति में खड़ी है और राहगीरों, स्कूली बच्चों, किसानों तथा मवेशियों के लिए खतरा बनी हुई है। यदि दोनों पुलियों पर सरकारी राशि खर्च हुई है, तो जमीन पर उसका परिणाम क्यों दिखाई नहीं देता? यदि मरम्मत पूरी हो चुकी है, तो पुलिया आज भी जर्जर क्यों है? यदि कार्य पूर्ण हुआ है, तो उसका भौतिक प्रमाण कहां है? और यदि काम अधूरा है, तो भुगतान किस आधार पर किया गया? ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब अब पंचायत, तकनीकी अमले और संबंधित अधिकारियों को देना होगा।

**निर्माण के दो -तीन वर्षों के भीतर ही क्षतिग्रस्त**-ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान सरपंच पिछले कार्यकाल में भी सरपंच थे। उसी दौरान इस मार्ग पर बने लगभग 7 पुल-पुलियों में से कई निर्माण दो से तीन वर्षों के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान कार्यकाल में भी पंचायत के कई निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर, जिला पंचायत, जनपद पंचायत और संबंधित तकनीकी विभाग से मांग की है कि दोनों पुलियों की स्वतंत्र तकनीकी जांच, माप पुस्तिका (एमबी), बिल-वाउचर, भुगतान रिकॉर्ड और भौतिक सत्यापन कराया जाए। यदि जांच में वित्तीय अनियमितता, गुणवत्ताहीन निर्माण या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों, सचिव, जनप्रतिनिधियों तथा जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

**सख्त कार्रवाई की मांग** - ग्रामीण घनश्याम बीसी ने कहा की मैं रोज इसी सड़क से आना–जाना करता हूं। पुलिया की हालत देखकर हमेशा डर लगा रहता है। मरम्मत के नाम पर करीब एक लाख रुपये खर्च होने की बात कही जा रही है, लेकिन जमीन पर पुलिया आज भी जस की तस टूटी और जर्जर दिखाई देती है। हमें तो ऐसा लगता है कि कागजों में काम पूरा दिखा दिया गया, जबकि मौके पर कोई ठोस मरम्मत नजर नहीं आती। आप खुद आकर देख सकते हैं कि पुलिया की असली हालत क्या है। अगर समय रहते इसकी निष्पक्ष जांच और मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

## कनसिंघी में अटल डिजिटल भवन व रंगमंच का लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम पंचायत कनसिंघी में नव निर्मित अटल डिजिटल भवन एवं रंगमंच का विधिवत पूजा अर्चना कर जिला पंचायत कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में गांव-गांव को डिजिटल और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।अटल डिजिटल भवन से ग्रामीणों को जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र सहित शासन की योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिलेगा।वहीं रंगमंच हमारी छत्तीसगढ़ी लोक कला, नाचा-गम्मत, पंथी, राउत नाचा को नया मंच प्रदान करेगा। श्री ध्रुवा ने आगे कहा डिजिटल भवन से युवाओं को ऑनलाइन पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और रोजगार संबंधी जानकारी भी मिल सकेगी। यह भवन गांव के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। रंगमंच से हमारी नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ेगी और संस्कृति जीवित रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि दोनों भवनों का अधिक से अधिक उपयोग करें और शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं। लोकार्पण कार्यक्रम में अध्यक्षता के रुप में भोजराम नागेश सरपंच कनसिंघी, विशिष्ट अतिथि राजेश साहू जनपद सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजाप गरियाबंद, मिलंतीन कुंजाम सदस्य जनपद पंचायत छुरा, नारायण सिन्हा सदस्य पंचायत छुरा, घनश्याम चन्द्रकार उपसरपंच ग्राम पंचायत कनसिंघी, गोवर्धन नागेश ग्राम पटेल, सुरेन्द्र ठाकुर ग्रामीण अध्यक्ष, नेमीचंद मरकाम पूर्व ग्राम पटेल, रोहित प्रधान अध्यक्ष ग्राम सेवा सहकारी समिति, राधे सेन वरिष्ठ नागरिक, परमेश्वर ठाकुर वरिष्ठ नागरिक, रिखी दास ग्रामीण सदस्य, लगन सिंग ध्रुव वरिष्ठ नागरिक, पुसऊ राम वरिष्ठ नागरिक, पुनऊ राम सहित समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## महिला हितग्राही को नहीं मिल रहा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडुका







पूरे प्रदेश में सरकार द्वारा 18 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने का वादा करने वाली सरकार के दावे छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत रजनकटा में खोखले साबित हो रहे हैं ग्राम पंचायत में सर्वे सूची में कुल 88 हितग्राहियों का नाम था जिसमे इसका 29 नंबर पर महिला हितग्राही नाम था। बाकी हितग्राहियों क्रो इसका लाभ मिल गया पर ना जाने क्योंकि इसे छोड़ दिया गया। जो प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेने के योग्य थे जिसमें से सभी हितग्राहियों को तो इसका लाभ मिल गया पर ग्राम पंचायत में रहने वाले चित्ररेखा यादव को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया जनपद में बैठे आवास शाखा के कार्यरत कर्मचारियों की मनमानी का नतीजा यह है कि इस महिला हितग्राही को भुगतना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत पात्र हितग्राही रामकुंवर यादव कि अचानक मृत्यु के बाद उसके राशन कार्ड में उसकी बेटी चित्ररेखा यादव नॉमिनी थी, और मृत्यु पश्चात ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत छुरा तक आवास शाखा में देने वाले सभी कागजात भेज दिए गए पर फाइल को आवास शाखा में जानबूझकर अटका दिया गया जिस वजह से पिछले साल भर से इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल सका हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत में पूर्व में भी कई परिवार ऐसे हैं जिनके घर 2 से 3 आवास बने हैं और इस समय भी हाल ही में आवास प्लस का सर्वे सूची आने के बाद भी कई ऐसे परिवार है जिनको तीन से चार आवास का लाभ मिलता दिख रहा है। वहीं इस बारे में जनपद पंचायत छुरा सीईओ सतीश चंद्रवंशी से फोन कर जानकारी ली गई तो उन्होंने आवास शाखा वाली मैडम क्रो अपडेट करने कि बात कही थी और कहा कि नामिनी के आधार कार्ड में समस्या आ रहा है। आवेदन भेजे हैं पर आज पर्यन्त समस्या का समाधान नहीं निकाल पाया है।

## लघु वनोपज सहकारी समिति मैनपुर में ध्वजारोहण कर लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मैनपुरकला में आज सोमवार को अध्यक्ष प्रेमसाय जगत ने ध्वजारोहण किया और सहकारीता सप्ताह का आगाज किया इस दौरान सहकार से समृद्धि का संकल्प लिया गया 29 जून से 06 जुलाई तक सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसके तहत कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण, सदस्यता अभियान, बायलाज का वाचन, समिति प्रांगण एवं आसपास स्वच्छता कार्याकम और वृक्षा रोपण कार्य किया जा रहा है। इस दौरान अध्यक्ष प्रेमसाय जगत ने कहा राज्यव्यापी इस कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान तथा सदस्यता अभियान चलाया जयेगा। उन्होने बताया किसानों, महिला स्व. सहायता समूहो, मतस्य पालको, लघुवनोपज संग्रहको और ग्रामीणों को सहकारीता से जोड़ने का विशेष अभियान चलाया जा राहा है। सहाकारिता मेले के माध्यम से जगह–जगह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूर करने प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रबंधक धनसिंह नागेश, जिलेन्द्र नेगी, हसन खान, निराम ध्रुव, राजेन्द्र नागेश, भुनेश्वर मांझी, अविश कुमार, शोभाराम, छबी दीवान, बलिराम ठाकुर, रामदास वैष्णव, गंगा बाई राजपूत, बिरेन्द्र बाई ध्रुव एवं बड़ी संख्या में सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत रसेला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की जीवनरक्षक खुराक पिलाकर अभियान का सफल शुभारंभ किया गया। इस पुनीत अवसर पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, पंच रजनी बाई यादव, स्वस्थ विभाग के सभी कर्मचारी, मितानिन दुलम यादव ने स्वयं बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पोलियो अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता एवं सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित वार्षिक पल्स पोलियों अभियान का आयोजन 28 जून से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने क्षेत्र के सभी माता पिता एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित तिथियों में केन्द्र में लेकर अवश्य पहुंचे और पोलियो रोधी दवा पिलवाकर उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखें। इसी कड़ी में सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने कहा कि पोलियो उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है। जब जनप्रतिनिधि, शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी और आम नागरिक मिलकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लेते हैं तभी स्वस्थ और पोलियो मुक्त भारत का लक्ष्य साकार हो सकता है। पंच रजनी यादव, मितानिन दुलम यादव ने सभी नागरिकों से घर-घर तक अभियान का संदेश पहुंचाने और एक भी बच्चे को खुराक से वंचित न रहने देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों, एवं ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह के साथ अभियान में भागीदारी निभाई।

### मैनपुर क्षेत्र में बच्चों को पोलियो की दवा दी गई



**मैनपुर।** हर बच्चा सुरक्षित, हर परिवार जागरूक" के संकल्प के साथ राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस पर विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई। जिलेभर में बनाए गए पोलियो बूथों पर सुबह से ही 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने के लिए अभिभावकों की भीड़ उमड़ी। जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मिलकर लोगों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर रविवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकास खंड में विशेष पोलियो टीकाकरण अभियान उत्साह के साथ संचालित किया गया।

### श्यामनगर में सहकारिता सप्ताह का भव्य आयोजन

## सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष, किसानों के सशक्तीकरण की नई शुरूआत : चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित,श्यामनगर में सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता के महत्व, किसानों की आर्थिक उन्नति तथा शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, समिति के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया। मंत्रालय के गठन के बाद सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा मिली है और किसानों के सशक्तिकरण का एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां किसानों को खाद, बीज, ऋण सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भी छत्तीसगढ़ में सहकारिता को मजबूत करने और अधिक से अधिक किसानों को समितियों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है,ताकि प्रत्येक किसान शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। वरिष्ठ कृषक कीर्तन साहू ने कहा कि सहकारिता किसानों की आर्थिक प्रगति का सशक्त माध्यम है।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का लिया संकल्प**- सहकारी समितियों से जुड़कर किसान बेहतर कृषि संसाधनों का लाभ उठाने के साथ-साथ अपनी आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में सहकारी समितियों से जुड़ने तथा सहकारिता की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गजानंद साहू, बृजलाल साहू, लोकनाथ साहू, रोशन साहू, टिकेश्वर, चैतू राम, श्यामलाल, सूरज निर्मलकर, भोला पटेल, भागीराम, रामेश्वर साहू, डोमार ध्रुव समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।




